दिनांकः 26.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

भारतीय जनता पार्टी के कोटा–बूंदी से सांसद ओम बिरला एक बार फिर लोकसभा अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्हें आज ध्वनिमत से निर्वाचित घोषित किया गया। विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस पार्टी ने अध्यक्ष पद के निर्वाचन के दौरान मत विभाजन की मांग नहीं की। अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, श्री बिरला को अध्यक्ष के आसन तक लेकर गये।
प्रधानमंत्री ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने दूसरी बार निर्वाचित होकर इतिहास बनाया है। श्री मोदी ने कहा कि अगले पांच वर्षों तक वे सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे। राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष को सदन को सुचारू रूप से चलाने में विपक्ष के सहयोग का आश्वासन दिया।
राज्यपाल कलराज मिश्र ने भी श्री बिरला को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि श्री बिरला के मार्गदर्शन में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी और भारत तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने बधाई संदेश में कहा कि उन्हें विश्वास है कि श्री बिरला के अनुभव, कर्मठता और लोकहित के प्रति समर्पण भावना से सदन का गौरव लगातार बढेगा और संसदीय मर्यादाओं का नया अध्याय रचा जाएगा।
श्री बिरला के लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय सहित जिला कार्यालयों में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जतायी।

....

विश्व, आज मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर देशभर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरुकता बढ़ाने के लिए रैलियां तथा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष का विषय है, साक्ष्य स्पष्ट है–रोकथाम में निवेश करें। इस अवसर पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो–एनसीबी की ओर देशभर में 12 जून से चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़े का आज समापन हो रहा है। प्रदेश में भी अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं।
सवाईमाधोपुर में केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में कॉलेज के स्टाफ और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मादक द्रव्य निषेध कानून पर जानकारी दी गयी। इस दौरान मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी रखी गयी।
हनुमानगढ़ में नशे की प्रवृति पर रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर काना राम के निर्देशन में नशा मुक्त जिला अभियान की कार्य योजना तैयार की गई है। बीकानेर में एक निजी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से नशीले पदार्थों की लत से छुटकारा दिलाने के लिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है।
संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर साल 26 जून को मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है।

....

केन्द्र सरकार विभिन्न परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में सरकार द्वारा कई उपाय किये जा रहे हैं। जी.बी. पंत विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर बद्रीनारायण तिवारी ने कहा है कि शिक्षा मंत्रालय नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं के मामले में पूरी गंभीरता और सख्ती के साथ कार्रवाई कर रहा है।

....

प्रदेश में आज जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद बारिश की संभावना है। इस दौरान बादल गरजने और कहीं–कहीं बिजली चमकने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहीं–कहीं बिजली गिरने की आशंका भी जतायी है। विभाग ने इस दौरान सुरक्षित स्थान पर शरण लेने और विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

....